दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें व्यवहार न्यायालय, नवादा में उपस्थापन के लिए भेज दिया है। इस संबंध में सिरदला थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार वारंटियों की पहचान सिरदला गांव निवासी गोपाल प्रसाद तथा जेहल्दी गांव निवासी अभिमन्यु राजवंशी के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के निष्पादन को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

नूनफर जंगल से शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना डाबर थाना क्षेत्र के नूनफर जंगल में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 100 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। परना डाबर थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सिरिसिया टांड़ गांव निवासी अमित सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को नूनफर जंगल में महुआ शराब रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जंगल में छापेमारी की, जहां से 100 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मौके से प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में परना डाबर थाना कांड संख्या 229/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

मारपीट को लेकर दो मामले दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। नगर परिषद के कोयरी टोला में भारत माता की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस संबंध मुहल्ला निवासी किशोरी राम की पत्नी किरण देवी के द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में मुहल्ला के ही नरेश महतो के पुत्र अभिमन्यु कुमार व अभिषेक कुमार तथा कल्लू महतो के पुत्र मोनू कुमार को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 21 अक्टूबर की मध्य रात्रि उक्त लोगों ने घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान तेज



नवादा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' राष्ट्रीय अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। मंच का संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अरविंद गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने कहा कि 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' राष्ट्रीय अभियान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अभियान है।

भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक परंपराओं, सुशासन और राष्ट्रहित के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनभागीदारी ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। किसी भी अभियान की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और जनता के साथ निरंतर संवाद पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर अभियान की तैयारियों में जुटने तथा इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

नितिन अभिषेक ने कहा, 'आइए, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं जनहित के संकल्प के साथ इस अभियान को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर आगे बढ़ें।'

उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसंपर्क के माध्यम से अभियान के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने पर जोर दिया। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अभियान के उद्देश्यों को जनता तक पहुंचाना चाहिए।

संगठन की मजबूती और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठनात्मक अभियान की सफलता के लिए बेहतर योजना, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों से समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की।जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि नवादा जिले में 'लोकतंत्र बचाओ‌अराजकता हटाओ' राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता और प्रभावी जनसंपर्क के माध्यम से अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ज़िला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इस अभियान के तहत हजारों की संख्या मे पदयात्रा निकाला जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चुन्नू, सतीश सिन्हा, प्रताप रंजन, विजय पांडेय, जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, गौरव शांडिल्य 'गगन', नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, नीतू गुप्ता, जिला मंत्री उपेंद्र चंद्रवंशी, शिव यादव, जिला कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह 'विशु', जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत शंकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, जिला प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी, रंजन बब्लू, सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष राहुल सिन्हा, गरीवन महतो, शिवरानी केशरी तथा युवा मोर्चा महामंत्री विकास कुमार प्रभाकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रेम-प्रसंग में भागी नाबालिग युवती हावड़ा से बरामद, युवक गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र से प्रेम-प्रसंग के एक मामले में घर से भागी नाबालिग युवती को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा से बरामद कर लिया है। युवती के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में नवादा जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया था कि बीते 21 अक्टूबर की संध्या 4 बजे उनकी 15 वर्षीय बेटी दशहरा मेला घूमने के नाम पर घर से निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। युवती ने घर में एक घंटे में लौटने की बात कही थी। देर शाम तक नहीं लौटने पर परिजनों ने मेला और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परेशान होकर पीड़ित मां ने थाने में बेटी के अपहरण को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

बिहार सरकार

किलकारी
बिहार बाल भवन
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना– 800004

'प्रशिक्षक/तकनीकी कर्मी' हेतु निविदा आमंत्रण

बिहार बाल भवन 'किलकारी' में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कर्मियों (प्रशिक्षक/तकनीकी कर्मी) की सेवा लेने की आवश्यकता है। इच्छुक, निबंधित एवं अनुभवी एजेन्सी/फर्म/कम्पनी से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिनों के अंदर मुहरबंद लिफाफे में अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय निविदा हाथों–हाथ, निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, राजेन्द्रनगर पटना– 800004 के पते पर आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रपत्र एवं दिशा–निर्देश किलकारी वेबसाइट www.kilkaribihar.in से प्राप्त कर सकते हैं।

दूरभाष सं० 9031845710

PR- 014197 (B & C) 2026-27

(प्रशासी पदाधिकारी)

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय, नगर परिषद्, बखरी (बेगूसराय)

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी छठ पर्व 2026 एवं काली पूजा के अवसर पर नगर परिषद्, बखरी के सभी घाटों पर समूचित प्रकाश की व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, ड्रोन कैमरा, बैरिकेटिंग, टेंट, साउण्ड, रंग रोगन, पहूँच पथ का मरम्मति, चेंजिग रूम, घाटों के पहूँच पथ का सजावट, बैनर–पोस्टर, कंट्रोल रूम एवं अन्य व्यवस्था किया जाना है। इच्छुक निबंधित व्यक्ति दिनांक–02.11.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना कोटेशन दर दे सकते है।

इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान व्यवसायी जो उपरोक्त कोटेशन उपलब्ध कराना चाहते है वे दिनांक–02.11.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन मुहरबन्द लिफाफा में 02:30 बजे अपराह्न तक दे सकते है। जो दिनांक–02.11.2026 को 03:30 बजे सशक्त स्थायी समिति के समक्ष कोटेशन दर खोला जाएगा। जिसमें उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar या नगर परिशद्, बखरी कार्यालय (मो0 नं0–9430245296, 9031669306 एवं 7004532698) से संपर्क किया जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, बखरी

PR- 014132 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

विश्व पोलियो दिवस पर जागरुकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



नवादा। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पल्स पोलियो उन्मूलन के प्रति आमजनों को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जन-जागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से पोलियो जैसी बीमारी के उन्मूलन के प्रयासों को गति दी जा सकती है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएँ। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के लिए नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान के महत्व से अवगत कराना था। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि पोलियो उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। विशेष रूप से अभिभावकों को अपने पाँच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. साहू, सचिव प्रिय शंकर प्रसाद सिन्हा सहित रोटरी क्लब के डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना

प्रेस विज्ञप्ति

श्री नवल किशोर सिंह, पट्टीबंधक, पशु शल्य चिकित्सालय, दानापुर के विरूद्ध बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप के लिए पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक 1079 (नि०), दिनांक–25.03.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित अधिगम (जाँच प्रतिवेदन) के पश्चात् पशुपालन निदेशालय के पत्रांक–2777(नि०), दिनांक–02.07.2026 के द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–18 (3) में निहित प्रावधान के अन्तर्गत लिखित अभिकथन समर्पित करने हेतु श्री सिंह को निदेशित किया गया तथा पुनः पत्रांक 3610(नि०), दिनांक–21.08.2026 द्वारा स्मारित भी किया गया। परन्तु श्री सिंह का द्वितीय लिखित अभिकथन अबतक अप्राप्त है।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री सिंह (सम्प्रति सेवानिवृत) को निदेशित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना लिखित अभिकथन समर्पित करें। यदि निर्धारित अवधि में आपका लिखित अभिकथन प्राप्त नहीं होता है तो यह माना जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं कार्यालय बाध्य होकर एक पक्षीय निर्णय लेने हेतु स्वतंत्रा होगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

अपर निदेशक (प०उ०)
पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना

PR- 014146 (Animal & Fish) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा
भवन निर्माण विभाग
Email.ID:-eeedarbhanga@gmail.com, Mo.:-9264293063

अवधि विस्तार

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26/2026–27, जिसका पी0 आर0 सं0–012745 (भवन) 2026–27 द्वारा जो समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं :–

पूर्व में	संशोधित
ई0–निविदा जमा करने का (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समयः 22.10.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा जमा करने का (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समयः 02.11.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।
ई0–निविदा की राशि का 2% EMD एवं हार्डकॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 23.10.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा की राषि का 2% EMD एवं हार्डकॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 03.11.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।
ई0–निविदा की खोलने की तिथि एवं समयः 23.10.2026 को 15:30 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा की खोलने की तिथि एवं समयः 03.11.2026 को 15:30 बजे अपराह्न तक।

शेष सभी विवरणी यथावत् रहेंगी।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा

PR- 014150 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

जनता दरबार में भूमि-विवाद के मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

रजौली (नवादा) (आससे)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार की अध्यक्षता सीओ गुफरान मजहरी ने की। जनता दरबार में मुख्य रूप से अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे भू-धारकों एवं फरियादियों के जमीन संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान सीओ ने फरियादियों और दोनों पक्षों की उपस्थिति में आमने-सामने बिठाकर उनके मामलों पर विमर्श किया और अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। जनता दरबार के दौरान कई प्रमुख मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। पहले मामले में ग्राम अंधवारी निवासी पति स्व. जगदीश राजवंशी की पत्नी बच्ची देवी तथा ग्राम अंधवारी निवासी पिता बलदेव पासवान के पुत्र चितावन पासवान के बीच मौजा अंधवारी से संबंधित विवादित मामले पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया गया। वहीं दूसरे मामले में ग्राम नीमाटांड़ निवासी पति स्व. इन्द्रदेव सिंह की पत्नी उर्मिला देवी एवं ग्राम डीह रजौली निवासी पिता स्व. किशुन महतो के पुत्र स्वरूप महतो के बीच मौजा रजौली के जमीन विवाद का निपटारा दोनों पक्षों की उपस्थिति में कराया गया। तीसरे मामले में ग्राम मसोड़ा निवासी पिता स्व. नवों बिन्द के पुत्र संजय कुमार तथा ग्राम मसोड़ा निवासी पिता स्व. नवों बिन्द के पुत्र जितेंद्र कुमार व शंकर कुमार के बीच चल रहे आपसी भूमि विवाद को अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक सुनकर दोनों पक्षों की सहमति से सुलझा दिया। जनता दरबार में आए अन्य फरियादियों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया और सीओ ने निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को थाना व अंचल कार्यालय के चक्कर काटने से बचाना और पारदर्शी तरीके से आपसी भूमि विवादों को सुलझाना है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह त्वरित एवं निष्पक्ष तरीके से फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया जाता रहेगा।

बिहार सरकार

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा

जलाशय बन्दोबस्ती की खुली डाक की सूचना

प्रपत्र प्रारूप– 01

अति आवश्यक अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, जिला– नालन्दा के अस्थावाँ अंचल में स्थित कुल्टी छिलका जलाशय एवं एकंगरसराय राढ़िल छिलका जलाशय की बन्दोबस्ती वर्ष 2026 से 2031 तक (30.06.2031)।

अर्थात 05 वर्षो के लिए बिहार राज्य जलाशय मात्स्यिकी नीति–2022 के कंडिका–06 में उल्लेखित तथा बिहार जलाशय मात्स्यिकी प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश ज्ञापांक 183 दिनांक 25.01.2023 तथा निदेशक मत्स्य बिहार, पटना के आदेशांक 1894 दिनांक 14.09.2023 के आलोक में जलाशय की बन्दोबस्ती खुली डाक से जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा के द्वारा निम्नलिखित तिथियों को सुरक्षित तिथि सहित समय 11:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराहन तक जिला मत्स्य कार्यालय नालन्दा में की जाएगी।

बन्दोवस्ती की तिथि, डाक स्थल, सुरक्षित जमा राशि विवरणी निम्न है:

क्र	जिला का नाम	अंचल का नाम	जलाशय का नाम	जलाशय का जलक्षेत्र (हे0)	डाक की तिथि	डाक स्थल	सुरक्षित जमा की राशि (रुपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नालन्दा	अस्थावाँ	कुल्टी छिलका	1.85	12.11.2026 मुख्य तिथि एवं 18.11.2026 सुरक्षित तिथि	11:00 बजे पूर्वा से 5:00 बजे तक	1530.00
2	नालन्दा	एकंगरसराय	राढ़िल छिलका	1.53	12.11.2026 मुख्य तिथि एवं 18.11.2026 सुरक्षित तिथि	11:00 बजे पूर्वा से 5:00 बजे तक	1850.00

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
नालन्दा

PR. No. 014134 (Animal) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

नवादा जिला एथलेटिक्स मीट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

प्रतिभाओं को मेडल देकर किया गया सम्मानित

नवादा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, नवादा के तत्वावधान में मिर्जापुर स्थित कृष्ण प्रसाद खेल मैदान में जिला एथलेटिक्स मीट 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, गति, कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 60 मीटर, 100 मीटर एवं 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा गोला फेंक जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खेल मैदान में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। इस प्रतियोगिता का निर्देशन नवादा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विक्रम कुमार प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा द्वारा किया गया

विभिन्न स्पर्धाओं में सफल खिलाड़ियों की सूची

अंडर-16 बालक वर्ग- 100 मीटर दौड़ः आयुष नयन, सोना लाल कुमार एवं आयुष कुमार। 600 मीटर दौड़ः राजवीर कुमार, अंकित कुमार एवं सुजीत कुमार। लंबी कूदः प्रशांत कुमार, सलोना कुमार एवं सोनू कुमार। ऊंची कूदः सत्यम कुमार, सोनू कुमार एवं प्रशांत कुमार। गोला फेंकः उत्तम कुमार, सत्यम कुमार एवं दिव्यांशु कुमार। अंडर-16 बालिका वर्ग- 100 मीटर दौड़ः सोनाली कुमारी, खुशबू कुमारी एवं सुहानी कुमारी। 600 मीटर दौड़ः मधु कुमारी, सपना कुमारी एवं आकृति कुमारी। लंबी कूदः खुशबू कुमारी, दिव्या भारती एवं सोनाली कुमारी। ऊंची कूदः रानी कुमारी, नीतू कुमारी एवं खुशबू कुमारी। गोला फेंकः साक्षी कुमारी, अनन्या कुमारी एवं आराध्या कुमारी। अंडर-14 बालक वर्ग- 60 मीटर दौड़ः रामप्रवेश कुमार, रवि कुमार एवं आयुष कुमार। 600 मीटर दौड़ः मनीष कुमार, सौरभ कुमार एवं शंकर कुमार। लंबी कूदः रवि कुमार, चंदन यादव एवं रोहन कुमार। ऊंची कूदः रोहन कुमार, अभिषेक कुमार एवं चंदन यादव। गोला फेंकः रोहन कुमार, मनीष कुमार एवं अभिषेक कुमार। अंडर-14 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ः राधा कुमारी, सृष्टि कुमारी एवं सिमरन कुमारी। 600 मीटर दौड़ः रोशनी कुमारी, राधा कुमारी एवं राजनंदनी कुमारी। लंबी कूदः रोशनी कुमारी, मासुमा रफत एवं सिमरन कुमारी। ऊंची कूदः शिवानी कुमारी, आकांक्षा कश्यप एवं खुशबू कुमारी। गोला फेक रोशनी कुमारी दिव्या भारती संजना कुमारी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान अध्यक्ष के प्रतिनिधि संजय साव, नवादा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, रिपु सूदन सहित खेल जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने तथा सफल प्रतिभागियों को मेडल प्रदान करने के लिए जिला खेल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल कार्यालय के सहायक सुनील कुमार तथा प्रधानाध्यापक सुमन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कीर्ति रंजन, चंदन कुमार, पवन राज, जूही कुमारी, सुनील कुमार एवं राहुल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में खेल पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करती हैं। विद्यालय स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि नवादा जिले के खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रतियोगिता के समापन पर सफल खिलाड़ियों को बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की गई।

बिहार सरकार

(नगर विकास एवं आवास विभाग)

कार्यालय नगर निगम, सहरसा

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in), संख्या–20/2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 22.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने/निविदा अपलोड करने प्रारम्भ की तिथि/समय : दिनांक 25.10.2026 के 10.30 बजे से (on https://eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बिड मीटिंग का समय स्थान /तिथि : दिनांक– 27.10.2026 के 10.00 बजे 2.00 बजे अपराह्न तक स्थान– कार्यालय नगर निगम, सहरसा ।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि /समय : दिनांक 30.10.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक (on https://eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 31.10.2026 के 4.00 बजे अपराह्न के बाद (on https://eproc2.bihar.gov.in)
7. परिमाण विपत्र मूल्य– : online payment के माध्यम से ही भुगतान किया जायेगा। https://eproc2.bihar.gov.in
8. कार्य का विवरण :–

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (अप्रत्यर्पणीय)	Bid processing fee (Throughonline payment)(अप्रत्यर्पणीय)
	नगर निगम, सहरसा क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डों में अवस्थित कुल 95 छठ घाटों की साफ–सफाई कार्य। (छठ घाट के समतलि करण एवं पानी के अन्दर जलकुंभी के निस्तारण सहित साफ–सफाई का कार्य) छठ घाटों पर तीन लेयर में अस्थायी रूप से बॉस–बल्ले से बैरिकेटिंग का अधिष्ठापन कार्य। सभी छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग कक्ष का निर्माण। छठ घाठ से सड़क मार्ग तक लाईटिंग एंव झालर लाइट की लरिया लगाई जाये। अस्थायी शौचालय महिलाओ एंव पुरूषो के लिए अलग अलग बनाये जाएंगे। छठ घाटों के समीप अस्थायी बॉस–बल्ले से निर्मित होर्डिंग बोर्ड फ्लैक्स के साथ अधिष्ठापन कार्य।	1,00,000 (एक लाख)	5000	As Pereproc2.0

9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, सहरसा

PR- 014179 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

नगर निगम, गयाजी

ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 26/2026–27
(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : नगर आयुक्त, गया नगर निगम
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक– 22.10.2026
3. निविदा प्रारम्भ करने की तिथि/समय : दिनांक– 06.11.2026 को 10:00 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बिड मीटिंग का समय स्थान/तिथि : समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय, गया नगर निगम दिनांक– 06.11.2026
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक– 12.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–12.11.2026 के 15:30 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड निष्पादन के बाद (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
8. कार्य का विवरणः–

ग्रुप सं0	नगर निकाय का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Non refundable)	Bid Processing Fee (Through Online Payment)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Nagar Nigam, Gayaji	Construction of ABC Centre, Dog Shelter (100 Kannels) and Boundary Wall under Nagar Nigam, Gayaji.	1,46,23,200	2,92,500	10000	As per eproc 2.0	06 Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amoun generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

नगर आयुक्त
नगर निगम, गयाजी

PR. No. 014209 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।